India Media Monitor

Jaipur Mahangar Times

JK Lakshmipat University, celebrated the 108th Birth Anniversary of its founder, Singhania,

Nov 28, 2018 | Jaipur | Pg No.: 9 | Middle Left | Bureau | Sq Cm: 92 | AVE: 35386 | PR Value: 176930

जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी ने सिंघानिया का 108वां जन्मोत्सव मनाया

वाणिज्य संवाददाता

जयपुर। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी ने अपने संथापक लाला लक्ष्मीपत सिंघानिया का 108वां जन्मोत्सव बेहद धूमधाम से मनाया, जिसमें ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के चेयरमैन प्रो. अनिल डी सहस्त्रबुधे मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। यह समारोह जयपुर स्थित 30 एकड़ भूमि में फैले आधुनिक और वातावरण के अनुकूल यूनिवर्सिटी के कैंम्पस में आयोजित किया गया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. आरएल रैना ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत किया और पिछ्ले एक साल के दौरान यूनिवर्सिटी द्वारा की गई नई पहलों के बारे में जानकारी दी। स्वागत अभिभाषण यूनिवर्सिटी के चांसलर भरत हरी सिंघानिया ने प्रस्तुत किया। इस अभिभाषण में उन्होंने कहा कि जेकेओ का मूलमंत्र है हर किसी के लिए बेहतरीन शिक्षा और गुणवत्ता उपलब्ध करवाना। अपने पिता लाला लक्ष्मीपत सिंघानिया और अपने भाई हरी शंकर सिंघानिया को याद करते हुए उन्होंने जेकेओ के सिद्धांतों की बात की और उन्होंने छात्रों से यह अपील की कि वे कैम्पस में रहते हुए अपने समय और ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाएं ताकि खुद को भविष्य के लिए तैयार कर सकें ।